# उद्योगों के जरिए 50 हजार लोगों के रोजगार का इंतजाम

राज्य मुख्यालय | **अजित खरे**

उत्तर प्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव से पहले मथुरा, चित्रकूट, उन्नाव, गाजियाबाद समेत 15 जिलों में करीब 922 छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयां लग रही हैं और वे जल्द काम करना शुरू कर देंगी। कोरोना कालखंड में इन उद्योगों को न केवल जल्द जमीन दिला दी गई, बल्कि कई निवेशकों ने उद्योग लगाने का काम शुरू कर दिया है। ऐसे में उम्मीद है कि प्रदेश के करीब 50 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

**यह उद्योग छोटे-बड़े सभी जिलों में:** उद्योग गाजियाबाद, कानपुर, गौतमबुद्धनगर, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी में ही नहीं, एटा, मथुरा, उन्नाव व हरदोई जैसे छोटे जिलों में भी लग रहे हैं। मथुरा में पेप्सिको 750 करोड़ के निवेश से प्लांट लगा रहा है। ये कंपनी1600 लोगों को रोजगार अगले साल जनवरी तक देगी। चित्रकूट में एबी मौरी खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में बड़ी निर्माण यूनिट 400 करोड़ के निवेश से लगा रहा है।

## बड़ी कंपनियां देंगी 20165 लोगों को रोजगार

17 बड़ी कंपनियां 8625 करोड़ के निवेश राज्य के विभिन्न हिस्सों में कर रही हैं। इनमें भारत पेट्रोलियम, यारा फर्टीलाइजर, कृभको, आईटीसी, बर्जर पेंटस, यूके पेंटस, ज्ञान डेयरी, बेवले स्काट, फारएवर डिस्टलरी, गोदरेज, हिंदुस्तान लिवर प्रमुख हैं।

"निवेश मित्र पोर्टल के जरिए तय समय में इन्हें जमीन दिलाई गई। यूपीसीडा द्वारा वहां आवश्यक अवस्थापनाएं सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। वहां जल्द से जल्द उद्योग लग सकें। इसके लिए निवेशकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस काम पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। **मयूर माहेश्वरी** सीईओ, उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण

## उद्योग और रोजगार पर एक नजर

| जिला | इकाइयां | जमीन एकड़ | निवेश (करोड़ रु.) | रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| मथुरा | 95 | 61 | 804 | 14180 |
| एटा | 247 | 39 | 388 | 10005 |
| अयोध्या | 14 | 10 | 31 | 427 |
| बरेली | 41 | 104 | 644 | 1340 |
| गाजियाबाद | 160 | 36 | 517 | 2782 |
| गोरखपुर | 24 | 38 | 269 | 1287 |
| झांसी | 24 | 21 | 220 | 944 |
| कानपुर | 48 | 22 | 96 | 1542 |
| हरदोई | 54 | 28 | 149 | 1116 |
| मेरठ | 27 | 07 | 35 | 558 |
| प्रयागराज | 15 | 74 | 438 | 5230 |
| मुरादाबाद | 05 | 01 | 05 | 558 |
| गौतमबुद्धनगर (सूरजपुर) | 134 | 32 | 196 | 4295 |
| उन्नाव | 05 | 02 | 02 | 105 |
| वाराणसी | 29 | 08 | 37 | 437 |